मेरी विनती सुनलो जी हे गोविन्द हे सरकार भजन लिरिक्स

मेरी विनती सुनलो जी,
हे गोविन्द हे सरकार,
मेरी अर्ज़ी सुनलो जी,
हे गोविन्द हे सरकार,
मेरा पल्ला पकड़ के रखना,
हे जग के पालनहार,
मेरी विनती सुनलों जी,
हे गोविन्द हे सरकार।bd।

तेरे संग शाम मेरी,
तेरे संग सवेरा है,
तेरे संग उजाला है,
बिन तेरे अँधेरा है,
है सब कुछ सांवरे तेरा,
तू जीवन का आधार,
मेरी विनती सुनलों जी,
हे गोविन्द हे सरकार।bd।

दर्द के समंदर का,
तू ही किनारा है,
टूट के जो बिखरु तो,
तेरा सहारा है,
ये जीवन तुझपे वारा,
मैंने तो बारम्बार,
मेरी विनती सुनलों जी,
हे गोविन्द हे सरकार।bd।

जिसका तू मीत प्यारे,
वो कभी ना हारा है,
कृपा का सागर है तू,
हारे का सहारा है,
ये जीवन उसका खारा है,
जिसे मिला ना तेरा प्यार,
मेरी विनती सुनलों जी,
हे गोविन्द हे सरकार।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरी विनती सुनलो जी,
हे गोविन्द हे सरकार,
मेरी अर्ज़ी सुनलो जी,
हे गोविन्द हे सरकार,
मेरा पल्ला पकड़ के रखना,
हे जग के पालनहार,
मेरी विनती सुनलों जी,
हे गोविन्द हे सरकार।bd।

Singer – Rajan Mor

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com